भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 627

03.02.2026 को उत्तर के लिए नियत

भारी उद्योग स्थापित करना

627. **श्री राजेश रंजनः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बिहार जैसे पिछड़े राज्य के पूर्णिया के कोसी-सीमांचल क्षेत्र में भारी विद्युत उपकरण और ऑटोमोबाइल उद्योग जैसे भारी उद्योग स्थापित करने पर विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ऐसे भारी उद्योगों की स्थापना के लिए बिहार सरकार को सहयोग देने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): चूंकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार उद्योग राज्य का विषय है, अत: भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) बिहार राज्य के पूर्णिया निर्वाचन क्षेत्र का कोसी-सीमांचल क्षेत्र सहित, देश के किसी भी हिस्से में भारी विद्युत उपकरण और ऑटोमोबाइल उद्योगों जैसे भारी उद्योगों की स्थापना से संबंधित कोई केंद्रीकृत डेटा नहीं रखता है।

(ख, ग और घ): प्रश्न ही नहीं उठता।

****